ऐक्टर बनने के लिए मोटी चमड़ी का होना जरूरी: आहना

आहना कुमरा ने टेलिविजन के शो युद्ध से अपनी ऐक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उन्हें पहचान दिलाई फिल्म लिपस्टिक अंडर माय बुर्का ने। आहना ने अपनी पिछली फिल्म द ऐक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में प्रियंका गांधी के किरदार में नजर आई थीं। कई बड़े नामों के साथ काम करने के बावजूद आहना मानती हैं कि एक आउटसाइडर के लिए बॉलिवुड में जमीन तलाशना मुश्किल है और यह जंग लंबी चलती रहती है। आहना से उनकी निजी जिंदगी और करियर को लेकर हुए बातचीत के अंश...

आपने टेलिविजन से अपनी शुरुआत की थी। आज के दौर में दर्शक खासकर यूथ कंप्लेन करते हैं कि टेलिविजन में अब उनके लिए कुछ नहीं रहा? यही वजह है वे अब टेलिविजन से डिजिटल प्लैटफॉर्म पर शिफ्ट हो गए हैं। क्या कहना चाहेंगी?

यह बात शत-प्रतिशत सच है। मुझे याद मैं पिछले दिनों अपने नाटक के सिलसिले में बड़ोदरा गई हुई थी। मैंने बहुत पहले ऑफिशल चुकियागिरी नाम का एक वेब शो किया था। बहुत ही छोटे प्लैटफॉर्म पर आया था। बड़ोदरा के मॉल में घूमते दौरान एक बच्चा मेरे पास आया और मुझे मेरे कैरक्टर के नाम से बुलाने लगा। मैंने हैरानी से पूछा कि आपको कैसे पता? तो उस बच्चे ने जवाब दिया कि मैंने आपको इंटरनेट पर देखा था। फिर मुझे एहसास हुआ कि अब डिजिटल प्लैटफॉर्म बड़ी ही तेजी से छोटे-छोटे शहरों व कस्बों में जा पहुंचा है। एक आर्टिस्ट के तौर पर आपको याद किया जाएगा। इससे आर्टिस्ट को ड्यू मिल रहा है। वहीं यूथ नागिन, मक्खी जैसे शोज से खुद को रिलेट नहीं कर पाते हैं। यहां मैं इन शोज की बुराई नहीं कर रही हूं। अगर इन तरह के शोज की डिमांड नहीं होती, तो ये शोज बनते नहीं। वहीं वेब की ऑडियंस ज्यादातर यूथ ही हैं क्योंकि वे वहां पर मिलने वाली कॉन्टेंट से खुद को रिलेट कर पाते हैं।

आपकी पिछली फिल्म द ऐक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर नहीं चल पाई। फैल्यॉर को कैसे हैंडल करती हैं?

मैंने एक शो में एक लाइन बोली थी। यह लाइन मेरी लाइफ से जुड़ ही गई है, डिटैचमेंट इज की। जैसे जिंदगी में अटैचमेंट जरूरी होता है, ठीक वैसे ही लोगों को डिटैच्ड होना भी सीखना चाहिए। हरेक फिल्म अपनी किस्मत लेकर आती है। मुझे नहीं पता था कि लिपस्टिक अंडर माय बुर्का इतना चल जाएगी। फिल्म बनाने से पहले कोई भी नहीं सोचता कि यह चलेगी या नहीं। जब फिल्म नहीं चलती है, तो फिल्म की किस्मत होती है। आप इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं। आप देख लें, हाल ही में एक सुपरस्टार की फिल्म आई और वह फ्लॉप रही। सबने उस फिल्म के लिए जबरदस्त मेहनत की होगी, लेकिन किस्मत कोई बदल नहीं सकता।

स्ट्रिप्ड बिकीनी में मौनी रॉय के हॉट अंदाज ने फैन्स को किया घायल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मौनी रॉय ने अभी तक भले ही चंद फिल्मों में काम किया हो, लेकिन वह छोटे परदे से लेकर बड़े परदे पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुई हैं।

उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी ज्यादा है। इसकी वजह सिर्फ उनके लुक्स या ऐक्टिंग नहीं हैं बल्कि सोशल मीडिया पर फैन्स से मुखातिब होना भी है। मौनी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं, जिनपर फैन्स भी खूब कॉमेंट करते हैं।

अब हाल ही में मौनी ने अपनी एक बोल्ड फोटो पोस्ट की है, जिसमें वह स्ट्रिप वाली स्ट्रैपलेस वाली ब्लैक कलर की बिकीनी में नजर आ रही हैं। इस बिकीनी में मौनी काफी हॉट लग रही हैं।

फैन्स भी मौनी के इस बोल्ड अवतार को काफी पसंद किया और तारीफों के पुल बांध दिए। किसी ने मौनी को हॉट, सेक्सी कहा तो किसी ने उन्हें दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला बता दिया।

वैसे यह पहली बार नहीं है जब मौनी ने इस तरह बिकीनी में अपने फोटोज शेयर की हों, इससे पहले भी वह कई बार बिकीनी पहन चुकी हैं। बात करें उनकी फिल्मों की, तो मौनी ने अक्षय कुमार स्टारर गोल्ड से बॉलिवुड डेब्यू किया था और उसमें उनकी ऐक्टिंग को काफी सराहा गया है। अब वह ब्रह्मास्त्र के अलावा मेड इन चाइना और मुगल में नजर आएंगी।

जल्दी ही मानसून फुटबॉल में नजर आएंगी सागरिका

बॉलिवुड में सागारिका ने फिल्म चक दे इंडिया से एक खास जगह बनाई। सभी हाकी स्टिक वाली प्रीती सबरवाल को जानने लगे और इस किरदार को लोगों ने खूब पसंद भी किया। ऐसे में दोबारा से फैन्स के दिलों में बसने के लिए सागरिका फिर से तैयार हो चुकी हैं। यह बात उनकी आने वाली फिल्म के पोस्टर शेयरिंग के बाद स्पष्ट हो चुकी है। इसमें वह काफी स्टनिंग नजर आ रही हैं।

सागरिका घाटगे जल्दी ही फिल्म मानसून फुटबॉल में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया है। इसमें वह हरे रंग की साड़ी में फुटबॉल के साथ नजर आ रही हैं। बता दें कि सगारिका पोस्टर में बारिश के बीच फुटबॉल के साथ साड़ी में हैं। उन्होंने मरून कलर की बिंदी लगाई है। साथ ही स्पोर्ट्स शूज पहने हैं। इस सिंपल लुक में भी सागरिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। हालांकि कुछ समय पहले ही सागरिका का फुटबॉल मैच खेलते हुए एक विडियो खूब वायरल हुआ था। जिसे देखकर जल्दी ही उनकी फुटबॉल मूवी के आने के कयास लगाए जा रहे थे। फिलहाल फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। जल्दी ही यह दर्शकों के सामने होगी। बता दें कि सागरिका पूर्व गेंदबाज जहीर खान की पत्नी हैं। दोनों ने साल 2017 में कोर्ट मैरिज की थी।